

# धर्मपाल चौधरी (DP)

उपाध्यक्ष, जिला परिषद कुरुक्षेत्र


+91-9896008919

dp.indian@yahoo.in

Website : www.dpchaudhary.com/

https://www.facebook.com/ChaudharyDharampal

https://in.linkedin.com/in/dharam-pal-chaudhary

https://www.instagram.com/dpchaudhary.indian

https://twitter.com/dpchaudhary_11


## सारांश

किसान परिवार में जन्म लेकर बजरंग दल से जुड़कर सामाजिक और राजनीतिक विषयों की गहरी समझ रखना। राजनीतिक व सामाजिक मामलों पर गहरी पकड़ करते हुए विकास कार्यों के लिए व्यापक अनुभव ग्रहण कर व्यवसायी व सामाजिक कार्यकर्ता के रुप में अपनी पहचान बनाई। विदेशों में शिक्षा के सलाहकार, रियल एस्टेट डेवलपर, हॉस्पिटैलिटी, आईटी सेक्टर ,बजट प्रबंधन, परिषद बैठकों की अध्यक्षता, स्थानीय आपात स्थितियों से निपटने और सार्वजनिक कार्यक्रमों का प्रबंधन करने में अनुभव प्राप्त किया। सामुदायिक मुद्दों का आकलन करने और बजट प्रबंधित करने में कुशलता तथा सार्वजनिक हित का समर्थन करने व शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध।

## अनुभव

- 24 वर्षों से राजनीति के क्षेत्र में विभिन्न दायित्वों का निर्वाह करते हुए समाज कल्याण के कार्य में लगे हैं।
- कुरुक्षेत्र जिला परिषद के उपाध्यक्ष का दायित्व 5 जनवरी, 2023 से।
- कुरुक्षेत्र जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष का दायित्व 2008 से।
- कुरुक्षेत्र क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष का दायित्व 2020 से।
- राइट एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक का दायित्व 2005 से।
- राइट रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक का दायित्व 2013 से।

- राइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक का दायित्व 2015 से।
- इन्फो बर्थ इन्नोवेशंस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक का दायित्व 2021 से।

# प्रकाशन

- "बचपन के सपनों से लेकर वैश्विक परिवर्तन तक" विषय पर पुस्तक प्रकाशित, 2023
- विभिन्न पत्रिकाओं में शिक्षा व सामाजिक विषय पर लेख प्रकाशित।

# पुरस्कार/ उपलब्धियां

- हाउस ऑफ़ लॉर्ड्स यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेंट में 22 अप्रैल, 2022 को आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में "भारत गौरव सम्मान" से सम्मानित किया।
- भारत गौरव सम्मान: आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर ज्यूरिख, स्विट्जरलैंड में "गेस्ट ऑफ़ ऑनर" से 21 नवंबर, 2021 को सम्मानित किया।
- वाराणसी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी ने 27 सितंबर, 2021 को "भारत गौरव सम्मान" से सम्मानित किया।
- "मोस्ट इंस्पायरिंग बिजनेसमैन एक्सीलेंस अवार्ड" से 27 सितंबर, 2019 को ब्रिटिश पार्लियामेंट में भारत के उच्च आयोग लंदन में आयोजित कार्यक्रम में वहां के मेंबर ऑफ पार्लियामेंट मिस्टर विरेंद्र शर्मा ने सम्मानित किया।
- भारत विकास परिषद शाखा ढांड द्वारा आयोजित सम्मान प्रतीक समारोह में "सम्मान प्रतीक" से सम्मानित किया गया। 2023-2024
- श्री रामलीला क्लब नीलोखेड़ी द्वारा विजयदशमी महोत्सव 2023 में "विशेष सम्मान" से सम्मानित किया गया।
- हिन्दवी साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के 350 वें राज्य अभिषेक हिन्दवी साम्राज्य दिवस 7 जून, 2023 को कुरुक्षेत्र में "विशेष सम्मान" से सम्मानित किया गया।
- क्रीड़ा भारती करनाल द्वारा आयोजित क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस एवं वीरमाता जीजाबाई सम्मान समारोह में 17 अप्रैल, 2022 को "वीरमाता जीजाबाई सम्मान" से सम्मानित किया गया।
- श्री सनातन धर्म मंदिर कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित 4 से 11 अक्टूबर, 2015 तक आयोजित दिव्या संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के पावन अवसर पर प्रणामी प्रेम सेवा मिशन द्वारा "प्रेम सेवा सम्मान" से अलंकृत किया गया।
- विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा समाज में फैली बुराइयों, कुरीतियों व विसंगतियों के प्रति जन सामान्य को जागरूक करने के लिए सम्मानित किया गया।
- श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर बाबा हरिदास श्री कृष्ण गोपाल गौशाला द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया।
- खेलों को बढ़ावा देने, युवाओं को स्वस्थ रहने व नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने पर विभिन्न खेल संस्थाओं द्वारा कई बार सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय खेल प्राधिकरण कुरुक्षेत्र, जिला वालीबॉल एसोसिएशन कुरुक्षेत्र, क्रीड़ा भारती कुरुक्षेत्र, ग्रामीण खेल क्लब व अन्य संस्थाएं।

# अतिरिक्त गतिविधियां

- भारतवर्ष में खेलों को बढ़ावा देने व राष्ट्रवाद से ओतप्रोत भारत प्रदीक्षणा यात्रा में 21 मई, 2022 में भाग लेकर पूरे देशभर को एक सूत्र में बांधने का काम किया ।यात्रा का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर क्रीड़ा भारती के अध्यक्ष के नाते जोरदार स्वागत किया और अंबाला जिले तक यात्रा का नेतृत्व किया।
- क्रीड़ा भारती के प्रदेश अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती के खिलाड़ी योगेश्वर दत्त व हॉकी के ओलंपिक खिलाड़ी सुरेंद्र पालड़ के साथ मिलकर राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त ,2021 को खेलों को बढ़ावा देने व युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तक साइकिल यात्रा निकाली। क्रीड़ा भारती का जिला अध्यक्ष होने के नाते पूरे कार्यक्रम की अध्यक्षता की।
- आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में शहर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया । यात्रा का आयोजक होने के नाते पूरी यात्रा की व्यवस्था की तथा यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी जी व थानेसर के विधायक सुभाष सुधा जी की गरिमामय उपस्थिति रही। क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष होने के नाते ग्रामीण आँचल में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल चौपाल और खेल गिरी कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।
- भारतवर्ष के इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स स्पर्धा में ओलंपिक में स्वर्ण पदक लाने पर अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा का कुरुक्षेत्र पहुंचने पर अपने कार्यालय में भव्य स्वागत किया और क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष होने के नाते उन्हें सम्मानित किया।
- गांव में पौधारोपण करने व ग्रामीणों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित करना। कुरुक्षेत्र की जिला परिषद के वार्ड नंबर 11 के सभी गांव में पौधारोपण अभियान के तहत सैकड़ो पौधों को लगाया गया।
- कुरुक्षेत्र जिला परिषद के उपाध्यक्ष के नाते कुरुक्षेत्र जिला के गांव में ई लाइब्रेरी की स्थापना के लिए कार्य करना तथा युवाओं को नई तकनीक का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करना।
- कुरुक्षेत्र के गांवों में सरकारी स्कूलों के बेहतर रख रखाव के लिए काम करना तथा गांवों के सरपंचों के साथ मिलकर सरकारी स्कूलों के भवनों व प्रांगण को स्वस्थ बनाने के लिए काम करना।
- भूमिगत जल सुधार के लिए गांव के तालाब को साफ करवाने तथा बरसाती पानी व प्रयोग किए गए पानी के रिचार्ज के लिए समुचित व्यवस्था करवाने का कार्य करवाना।
- महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव में महिला स्वयं सहायता समूह का गठन करने का कार्य करवाना।
- युवाओं को स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित करते हुए गांव में खेल किट का वितरण करना ताकि युवा अपनी शक्ति का ठीक ढंग से इस्तेमाल कर सके।
- महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए गांव में समय-समय पर विचार गोष्ठियों का आयोजन करना।
- पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के लिए गांव के पंच, सरपंच ब्लॉक समिति के सदस्य व अध्यक्ष के साथ सामंजस्य बिठाकर कार्य करना।

- विदेश में जाने के इच्छुक छात्रों को समय-समय पर उचित मार्गदर्शन करना ताकि विदेशों में जाकर सही संस्थान में सही शिक्षा ग्रहण कर सकें।
- युवाओं में देशभक्ति की भावना पैदा करने के लिए तिरंगा यात्रा का आयोजन करना।
- विदेश में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करने तथा उन्हें जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ प्रदेशों में स्थित उच्च शिक्षा संस्थानों से संपर्क कर भारतीयों के लिए बेहतर संभावनाएं बनाने के कार्य पर काम करना।

# विशेषताएं

- देश भक्ति तथा सनातन धर्म से लगाव
- दृढ़ इच्छा शक्ति
- कार्य के प्रति समर्पण
- कर्तव्यनिष्ठा
- सत्यनिष्ठा
- निरंतरता

# रुचि

- दिन का शुभारंभ योग से करना।
- समाचार पत्र- पत्रिकाएं पढ़ना।
- महान देश भक्तों की जीवनी पढ़ना।
- व्यस्त दिनचर्या में जब भी खेलने का अवसर मिले तो बैडमिंटन खेलना व संध्याकालीन सैर करना।
- सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेना।

# विदेश यात्राएं

कनाडा, इंग्लैंड,अमेरिका,ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, चेक रिपब्लिक, डेनमार्क, एस्तोनिया, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, हंगरी, आयरलैंड, इटली, लातविया, लिथुआनिया, लक्समबर्ग, माल्टा, नीदरलैंड, पोलैंड, पुर्तगाल, स्लोवाकिया, स्लोवेनिया, स्पेन, स्वीडन, मलेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, तुर्की, संयुक्त अरब अमीरात, पनामा, सेंट्रल अमेरिका सहित कई देशों की यात्रा की है।

# पता

3101,7 सी/20 के.डी.बी. रोड, गुरदेव नगर, थानेसर, कुरुक्षेत्र -136118, हरियाणा, भारत